DoIT&C
Department of Information Technology & Communication, Rajasthan

# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांकः एफ8(334)/DOIT/GEN/2019/BSDC-184 दिनांक 13/06/25

**अतिरिक्त निदेशक/सिस्टम एनालिस्ट/एसीपी,**
**सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग,**
**समस्त जिला कार्यालय, राजस्थान ।**

**विषयः राजकीय SSOID में अद्यतन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निर्देशित किया जाता है कि किसी भी अधिकारी/कर्मचारी की राजकीय **SSOID** प्रोफ़ाइल में अद्यतन से संबंधित अनुरोध का निरस्तारण निम्नलिखित दस्तावेजों की पुष्टि एवं निर्दिष्ट दिशा–निर्देशों की पूर्ण पालना के पश्चात ही सुनिश्चित किया जाए:

**अनिवार्य/ आवश्यक दस्तावेज़:**

1. आधार कार्ड की प्रति
2. जन आधार कार्ड की प्रति
3. वर्तमान वेतन पर्ची (Salary Slip)

(सभी दस्तावेज स्पष्ट, वैध एवं अद्यतन रूप मे संलग्न किए जाए।)

**महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशः**

1. **SSOID** प्रोफ़ाइल में अद्यतन कराने हेतु आवेदन केवल उसी ई–मेल आईडी से भेजा जाए, जो वर्तमान में संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की राजकीय **SSOID** प्रोफ़ाइल में दर्ज है।
2. यदि किसी कारणवश आवेदन पंजीकृत ई–मेल आईडी से भेजना संभव न हो, तो ऐसी स्थिति में संबंधित अधिकारी के विभागाध्यक्ष/कार्यालय प्रभारी की राजकीय ई–मेल आईडी से प्रेषित कराना अनिवार्य होगा।
3. आवेदक द्वारा अद्यतन हेतु सलग्न प्रारूप को भरकर विभागाध्यक्ष/ कार्यालय अध्यक्ष से मय सील प्रमाणित कर भिजवाने के पश्चात ही **SSOID** मे किसी भी प्रकार का अद्यतन किया जाए।
4. प्रेषित आवेदन की पुष्टि एवं सत्यापन हेतु आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी अथवा प्रमाणितकर्ता के प्रोफ़ाइल/आवेदन फॉर्म में दर्ज मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

उपर्युक्त सभी दिशा–निर्देशों की पूर्णतः अनुपालना सुनिश्चित की जाए, ताकि राजकीय SSO ID में अद्यतन से संबंधित आवेदनों का निस्तारण समयबद्ध, सत्यापित एवं सुव्यवस्थित रूप से किया जा सके। यदि उपर्युक्त निर्देशों की अनुपालना में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**संलग्न – आवेदन प्रारूप।**

**(संजय जगदीश कर्णिक)**
तकनीकी निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांकः एफ8(334)/DOIT/GEN/2019/BSDC-184 दिनांक 13/06/25

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त एवं सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
2. प्रभारी अधिकारी, राज–एस.एस.ओ, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
3. रक्षित प्रत्रावली।

तकनीकी निदेशक एवं संयुक्त सचिव

Document certified by SANJAY JAGDISH KARNIK <sjkarnik.doit@rajasthan.gov.in>.

Digitally Signed by Sanjay Jagdish Karnik
Designation : Technical Director
Date :13-06-2025 10:11:53

RajKaj Ref No.: 15817457